




# Anil Agarwal News: खेल हो या बिजनेस, बड़ी जीत उन्हीं को मिलती है जो... युवा पीढ़ी को कामयाबी का मंत्र दे रहे अनिल अग्रवाल


Curated By: दिल प्रकाश | नवभारतटाइम्स.कॉम • 14 Jul 2026, 8:28 am IST

Subscribe YouTube 12M

Advertisement

Advertisement

दिग्गज कारोबारी अनिल अग्रवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। रविवार को लंदन में विंबलडन का फाइनल देखने के बाद उन्होंने एक ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने युवा पीढ़ी को सफलता का एक मूलमंत्र दिया है।




वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल।

**नई दिल्ली:** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन और दिग्गज कारोबारी अनिल अग्रवाल सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। इस बार उन्होंने खेल और बिजनेस में सफलता का मूलमंत्र बताया है। उनका कहना है कि खेल हो या बिजनेस,

बड़ी जीत उन्हीं को मिलती है जो डिसिप्लिन, कंसिस्टेंसी और लगातार बेहतर बनने की सोच को अपनी आदत बना लेते हैं। अग्रवाल ने रविवार को लंदन में टेनिस टूर्नामेंट विंबलडन का खिताबी मुकाबला देखने के बाद एक ट्वीट में यह बात कही।

अग्रवाल ने कहा, 'विंबलडन की यही बात मुझे हमेशा पसंद आई है। साल बदलते हैं, खिलाड़ी बदलते हैं, लेकिन एक्सीलेंस का बेंचमार्क वही रहता है। कल सालों बाद उसका फाइनल देखने गया, और क्या शानदार मुकाबला था! यानिक सिनर को अपना दूसरा विंबलडन खिताब जीतने पर बहुत-बहुत बधाई। खेल हो या बिजनेस, बड़ी जीत उन्हीं को मिलती है जो अनुशासन, कंसिसटेंसी और लगातार बेहतर बनने की सोच को अपनी आदत बना लेते हैं।'

**YOU MAY LIKE** SPONSORED LINKS BY TABOOLA




**Lavish 2, 3, 4 BHK Homes in Kanjurmarg from 1.89 Cr* Onwards**

Runwal Enterprises

Learn More

## रेकमेंडेड खबरें >


India China Trade Deficit: भारत-चीन के बीच बढ़ा व्यापार घाटा, 6 महीने...


Russia-India Trade: ₹6.72 लाख करोड़ का टारगेट, भारत में पहली बार...


Vedanta AGM: अनिल अग्रवाल का महाप्लान, मेटल और एनर्जी सेक्टर में मचाएं...


Samay Raina Net Worth: सुप्रीम कोर्ट ने चला दिया डंडा, समय रैना कित...


E20 Petrol Controversy: 'E20

Advertisement

Anil Agarwal
@AnilAgarwal_Ved · Follow

विंबलडन की यही बात मुझे हमेशा पसंद आई है - साल बदलते हैं, खिलाड़ी बदलते हैं, लेकिन excellence का benchmark वही रहता है। कल सालों बाद उसका फाइनल देखने गया, और क्या शानदार मुकाबला था!

@janniksin को अपना दूसरा #Wimbledon खिताब जीतने पर बहुत-बहुत बधाई। खेल हो या business, बड़ी जीत Show more

4:55 PM · Jul 13, 2026

1.3K Reply Copy link

Read 62 replies

## कितनी है नेटवर्थ?

बिहार में जन्मे अग्रवाल की कंपनी वेदांता का हाल में डीमर्जर हुआ था। उन्होंने काफी कम उम्र में बिहार छोड़ दिया था और खाली हाथ मुंबई आ गए थे। उनके पास उस समय केवल एक टिफिन बॉक्स था। मुंबई में आकर उन्होंने साल 1970 में कबाड़ के धंधे से अपने कारोबारी करियर की शुरुआत की और उसके बाद कई बिजनेस में हाथ आजमाया।

आज उनकी कंपनी वेदांता दुनिया की प्रमुख माइनिंग कंपनियों में शामिल है। फोर्ब्स के मुताबिक अग्रवाल की नेटवर्थ करीब $4.6 अरब डॉलर यानी करीब 44 हजार करोड़ रुपये है और वह भारत के टॉप अमीरों में शामिल हैं। शेयर मार्केट में उनकी कई कंपनियां लिस्टेड हैं। इनमें वेदांता पावर, वेदांता ऑयल एंड गैस, वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता आयरन एंड स्टील और हिंदुस्तान जिंक शामिल हैं। हिंदुस्तान जिंक का मार्केट कैप 2.25 लाख करोड़ रुपये है।

लेखक के बारे में
**दिल प्रकाश**